ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

**School Level Examination**
**SLE 2024**

**SET:** I

# GRADE 7

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

**Total Questions:** 40 **Total Marks:** 40 **Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोलें जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रक** पर दिए गए निर्देशों को पढ़ें और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **काले/नीले बॉल पेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **40 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। **प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।** दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रक** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फ़ोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली स्थानों पर रफ़ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश : इस प्रश्न पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं, जिन्हें दो खंडों (क) तथा (ख) में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।**

## खंड (क) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

### I. एकल चयन बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**1. कौन-सा कथन सत्य है?**

(A) मौखिक भाषा, भाषा का स्थायी रूप होता है।
(B) लिखित भाषा, भाषा का स्थायी रूप होता है।
(C) लिखित भाषा, भाषा का प्रधान रूप है।
(D) उच्चरित भाषा का आधार वर्ण होता है।

**2. केरल में कौन-सी भाषा बोली जाती है?**

(A) तेलुगु
(B) तमिल
(C) मलयालम
(D) अंग्रेज़ी

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन महाप्राण व्यंजन है?**

(A) ग्
(B) थ्
(C) द्
(D) र्

**4. 'द्वितीय' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है–**

(A) द् + इ + व् + इ + त् + य + अ
(B) द् + इ + व् + अ + त + ई + य् + अ
(C) द् + व् + इ + त् + ई + य् + अ
(D) द् + ई + व + त् + इ + य् + अ

**5. 'महेश' शब्द का सही संधि-विच्छेद है–**

(A) महे + श
(B) महा + ईश
(C) महा + एश
(D) मह + एश

**6. 'ईश्वर में विश्वास रखने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा–**

(A) आस्तिक
(B) भक्त
(C) पंडित
(D) श्रद्धालु

**7. किस शब्द में कर्मधारय समास है?**

(A) सप्ताह (सात दिनों का समूह)
(B) दहीबड़ा (दही में डूबा हुआ बड़ा)
(C) महाराजा (महान है जो राजा)
(D) भुखमरा (भूख से मरा)

8. 'तुलसीकृत – तुलसी के द्वारा कृत' शब्द में कौन-सा समास है?

(A) द्विगु (B) कर्मधारय

(C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरुष

9. किस वाक्य की रेखांकित संज्ञा अधिकरण कारक में है?

(A) माला का घर सुंदर है। (B) प्रीति ने भिखारी को खाना दिया।

(C) सोमवार से परीक्षाएँ आरंभ हो रही हैं। (D) मगर पानी में रहता है।

10. 'युवक' शब्द का स्त्रीलिंग होगा–

(A) युवकि (B) युवती

(C) युवकी (D) युवति

11. 'निर्वाह' में उपसर्ग है–

(A) नि (B) निर

(C) निर् (D) निस्

12. 'दुर्बोध' के लिए सही विलोम है–

(A) सुबोध (B) बोधगम्य

(C) संबोध (D) बोधनीय

13. 'मेरे परिवार में सब हँसी-खुशी से रहते हैं।' रेखांकित शब्द है–

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा (B) भाववाचक संज्ञा

(C) द्रव्यवाचक संज्ञा (D) समूहवाचक संज्ञा

14. किस वाक्य का रेखांकित पद अनिश्चयवाचक सर्वनाम है?

(A) कोई आदमी आज मेरा पीछा कर रहा था। (B) बाज़ार से कुछ सामान लेते आना।

(C) किसी की बातों का मुझसे कुछ लेना-देना नहीं। (D) कुछ फल खा लो, तो अच्छा महसूस होगा।

15. 'नीति' शब्द से बना सही विशेषण है–

(A) नीतिज्ञ (B) नीतिक

(C) नैतिक (D) नीतिवान

16. 'आज वह एक विद्वान व्यक्ति से मिली।' इस वाक्य का रेखांकित पद है–

(A) संख्यावाचक विशेषण (B) सार्वनामिक विशेषण

(C) गुणवाचक विशेषण (D) तीनों में से कोई नहीं

**17. किस वाक्य में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**

(A) मैंने अपनी गाड़ी बेच दी है।
(B) मैं बहुत जल्दी सो जाता हूँ।
(C) तुम इतनी ज़ोर से क्यों हँसे थे?
(D) आज आप बहुत तेज़ दौड़े।

**18. 'आप कब आए?' वाक्य से बना भविष्यत काल का सही वाक्य है–**

(A) आप कब आए थे?
(B) आप कब आएँगे?
(C) आप कब आया करेंगे?
(D) तीनों विकल्प गलत

**19. कौन-से वाक्य में क्रियाविशेषण का प्रयोग किया गया है?**

(A) उसने सही उत्तर दिया।
(B) समिधा होनहार है।
(C) वह सुंदर कपड़े पहनता है।
(D) वह तेज़ी से दौड़ता है।

**20. विराम-चिह्न की दृष्टि से कौन-सा वाक्य सही है?**

(A) मुझे कुछ कहना है।
(B) कल हमारी ऑनलाइन कक्षा हुई थी?
(C) मुझे बरसात पसंद नहीं?
(D) क्या आप, जा रहे हैं।

**21. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान के बदले सही विराम-चिह्न का चयन कीजिए–**

उसने कहा.... "तुम कल क्यों नहीं आए?"

(A) ?
(B) !
(C) ,
(D) ।

**22. 'क्या तुम मेरे लिए खाना बना सकते हो?' वाक्य से बना सही आज्ञार्थक वाक्य है–**

(A) तुम मेरे लिए खाना बना सको।
(B) तुम मेरे लिए खाना बनाओ।
(C) तुमको मेरे लिए खाना बनाना है।
(D) तुमको मेरे लिए खाना बनाना होगा।

**23. 'मैं चाहता हूँ कि तुम एक गीत गाओ।' यह किस प्रकार का वाक्य है?**

(A) विधानवाचक
(B) संदेहवाचक
(C) इच्छावाचक
(D) संकेतवाचक

**24. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?**

(A) संभव
(B) महिर्षि
(C) आशीर्वाद
(D) रेडियो

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(A) तुम तुम्हारा काम करो।
(B) जो करेगा वहाँ भरेगा।
(C) क्या तुमने हिमालय देखा है?
(D) हमने इसको विचार किया हैं।

**26. 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का अर्थ है–**

(A) मन निर्मल हो तो घर ही तीर्थ है।
(B) गंगा स्नान करने से मन शांत रहता है।
(C) गंगा स्नान एक अच्छा काम है।
(D) उपर्युक्त सभी गलत हैं।

**27. 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' संस्कृत भाषा के किस नाटककार द्वारा लिखा गया नाटक था?**

(A) भास
(B) कालिदास
(C) शूद्रक
(D) भवभूति

**28. 'आटे-दाल का भाव मालूम होना' मुहावरे का अर्थ है–**

(A) आवश्यक सामान का मूल्य जानना
(B) सस्ती चीज़ें खरीदना
(C) आटे और दाल में अंतर समझना
(D) वास्तविकता का ज्ञान हो जाना

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 29 तथा 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ पारिवारिक, सामाजिक तथा राष्ट्रीय जीवन में भी श्रम का विशेष महत्व है। श्रम के बिना व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र का जीवन खोखला ही रह जाता है। श्रम से जीवन में गतिशीलता आती है। यह गतिशीलता ही जीवन का वास्तविक चिह्न होती है। निश्चेष्ट जीवन व्यतीत करने वालों को असफलता और अपयश के अतिरिक्त कुछ भी प्राप्त नहीं होता। गति के अभाव में जीवन की स्थिति घाट के पत्थर जैसी होती है, जबकि मनुष्य के जीवन में पग-पग पर विघ्न-बाधाएँ अपना जाल बिछाए बैठी होती हैं। उसी समय यदि मनुष्य श्रम न करे, तो वह कभी भी आगे नहीं बढ़ सकेगा।

**29. जीवन का वास्तविक चिह्न क्या है?**

(A) गतिशीलता
(B) समाज
(C) राष्ट्र
(D) उपर्युक्त सभी

**30. यदि मनुष्य श्रम न करे, तो क्या होगा?**

(A) वह कभी आगे नहीं बढ़ सकेगा
(B) शक्तिहीन हो जाएगा
(C) शक्तिशाली हो जाएगा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## II. बहुचयन बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दो सही विकल्पों का चयन करना है।**

**31. किन दो शब्दों से बने विशेषण सही हैं?**

(A) अर्थ – आर्थिक
(B) जटा – जटायु
(C) मिलाना – मिलावटी
(D) पक्ष – पक्षी

**32. इनमें से किन दो वाक्यों की रेखांकित संज्ञा कर्ता कारक में है?**

(A) अध्यापक ने कक्षा में पाठ पढ़ाया।
(B) पक्षियों ने दाना चुग लिया।
(C) पंडित जी ने मंदिर में पूजा की।
(D) बालक गेंद से खेलता है।

**33. 'मूल शब्द + मूल शब्द' के योग से बने कौन-से दो यौगिक शब्द हैं?**

(A) नमकीन
(B) जन्मदाता
(C) रसोईघर
(D) आदमी

**34. कौन-से दो पुरस्कार श्रेष्ठ साहित्यिक रचनाओं के लिए दिए जाते हैं?**

(A) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(B) अर्जुन पुरस्कार
(C) भारत रत्न पुरस्कार
(D) व्यास सम्मान पुरस्कार

**35. मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखी गई दो कहानियाँ कौन-सी हैं?**

(A) बड़े घर की बेटी
(B) ताई
(C) उसने कहा था
(D) बड़े भाई साहब

## खंड (ख) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**36. इनमें से कौन-सा शब्द-समूह अन्य समूहों से अलग है?**

(क) नम्रता, शरारत, ईमानदारी
(ख) उसने, और, तुमने
(ग) दौड़ना, सोना, गुणी
(घ) धीरे, तेज़, तैराक

(A) (क)
(B) (ख)
(C) (ग)
(D) (घ)

**37. किस वाक्य में 'दौड़ना' क्रिया का प्रयोग अकर्मक क्रिया के रूप में नहीं हुआ है?**

(A) चलो, सब लोग एक साथ दौड़ते हैं।
(B) वे लोग तेज़ दौड़े।
(C) वह रोज़ सुबह दौड़ती है।
(D) मिल्खा सिंह ने बहुत दौड़ें दौड़ीं।

**38. सही जोड़ा चुनकर शृंखला पूरी कीजिए–**

अथ – इति; सक्षम – अक्षम; आंतरिक – बाह्य; ...................... – ......................

(A) समान – असमान
(B) जल – नीर
(C) ताला – चाबी
(D) फूल – माला

**39. सही विकल्प चुनकर शब्द-शृंखला पूरी कीजिए–**

अनुसार : उपवन : सजावट :: विज्ञान : सुमति : सुंदरता :: .................... : .................... : ....................

(A) जापानी : अतिरिक्त : भारतीय
(B) बाकायदा : ऊँचाई : मिठास
(C) प्रयत्न : बेईमान : शर्मीला
(D) धनवान : गुणवान : सुगम

**40. निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-से प्रश्न वाला विकल्प सही है, जिसका उत्तर होगा– 'प्रगति मसूरी गई है।'**

(A) प्रगति कब गई है?
(B) प्रगति कहाँ गई है?
(C) प्रगति क्यों गई है?
(D) प्रगति कैसे गई है?